## संपादकीय

# चुनाव की अलग कहानी

मंगलवार को जारी अपने घोषणापत्र में कांग्रेस का सारा ध्यान उन मुद्दों पर है जो जनता के जीवन, सुरक्षा और सम्मान से सीधे जुड़े हैं। यूं तो हर पार्टी अपने घोषणापत्र में बड़ी-बड़ी बातें कहती है, जिनका जमीनी हकीकत से कुछ खास लेना-देना नहीं होता। यही वजह है कि बीच के कई चुनावों में घोषणापत्रों की ओर कोई देखता भी नहीं था। लेकिन आम आदमी पार्टी के आने के बाद से राजनीतिक संस्कृति में यह ठोस बदलाव हुआ कि घोषणापत्र फिर से चर्चा में आ गए। आप ने हर विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग मेनिफेस्टो जारी किए और इन्हें तैयार करने में आम लोगों की राय ली। इस म में घोषणापत्र बनाना और जारी करना खुद में राजनीतिक गोलबंदी का उप म बन गया।

कांग्रेस का यह घोषणापत्र इस लिहाज से एक कदम और आगे जाता है कि इसके जरिए चुनाव की समूची कहानी (नैरेटिव) बदलने की कोशिश की गई है। विकास के तमाम दावों के बावजूद बीजेपी इस चुनाव में वोट प्रधानमंत्री मोदी के व्यक्ति त्व, राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के नाम पर ही मांग रही है। इसके बरक्स कांग्रेस ने अपने वैकल्पिक कार्य म के जरिए मतदाताओं को अपने जीवन की ठोस प्राथमिकताओं पर सोचने के लिए बाध्य किया है। हर साल गरीब तबके के 20 फीसदी लोगों के खाते में 72,000 रुपये डालने (न्याय) की घोषणा उसने पहले ही कर दी थी। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए मेनिफेस्टो में 22 लाख सरकारी नौकरियों का वादा किया गया है। मनरेगा में काम के दिनों को 100 से बढ़ाकर 150 करने और 10 लाख लोगों को ग्राम पंचायतों में रोजगार देने की बात भी इसमें है।

युवाओं को कारोबार करने के लिए तीन साल तक किसी से भी अनुमति लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। किसानों को सर्वाधिक महत्व देते हुए कांग्रेस ने उनके लिए अलग से बजट बनाने की बात कही है। किसानों के कर्ज न चुकाने का मामला आपराधिक के बजाय दीवानी दंड संहिता के दायरे में लाना खुद में एक पैराडाइम शिफ्ट जैसा है। अपनी सरकार बनने पर कांग्रेस जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा शिक्षा पर खर्च करेगी और आईआईटी, आईआईएम समेत सारे टॉप शिक्षण संस्थानों तक गरीबों की पहुंच को आसान बनाएगी। जन-स्वास्थ्य को बीमा कंपनियों के हवाले छोड़ने के बजाय सरकारी अस्पतालों को सुविधा संपन्न बनाने की बात भी लीक से हटकर है।

पार्टी ने एक महत्वपूर्ण घोषणा यह की है कि वह राजद्रोह और सशस्त्र बल विशेष अधिकार कानून (आफस्पा) की धाराओं को खत्म करेगी। इन्हें हटाने की मांग सीमावर्ती राज्यों में काफी समय से उठती रही है। खासकर राजद्रोह कानून सरकार विरोधी आवाजों को दबाने का एक टूल बनकर रह गया है। बहरहाल, यह कार्य म अगर संयुक्त रूप से पूरे विपक्ष की ओर से आता तो कहीं बेहतर होता। देखें, उग्र चुनाव प्रचार के इस दौर में कांग्रेस विकास और लोक कल्याण के अजेंडे को चुनाव का केंद्रीय विमर्श बना पाती है या नहीं।

# फेसबुक यूजर्स के अकाउंट्स के साथ खिलवाड़, करोड़ों लोगों का डाटा लीक

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्राइवेसी के मुद्दे पर फेसबुक कई दिनों से लगातार सवालों के घेरे में है। फेसबुक पर पहले भी डेटा पर हमले जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। डाटा लीक को लेकर एक बार फिर फेसबुक सवालों के घेरे में आ गई है। रिसर्चर्स की मुताबिक, फेसबुक यूजर्स के डेटा का एक बहुत बड़ा हिस्सा ऐमजॉन के क्लाउड कंप्यूटिंग सर्वर पर सार्वजनिक रूप से नजर आ रहा है। एक साइबर स्पेस फर्म अपगार्ड की रिपोर्ट के अनुसार, फेसबुक के लिए काम करने वाली 2 थर्ड पार्टी कंपनियों ने यूजर्स का डेटा ऐमजॉन के सर्वर पर स्टोर कर दिया है, जिसे पब्लिक आसानी से डाउनलोड कर सकती है। इसमें से एक कंपनी ने



146 गीगाबाइट डेटा कलेक्ट किया है जिसमें यूजर्स के लाइक्स, कॉमेंट, रिऐक्शन और अकाउंट नेम जैसे 540 मिनियन (54 करोड़) रिकॉर्ड शामिल हैं।

हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि आखिर कितने यूजर्स का डेटा इसमें शामिल है। वहीं दूसरे ऐप ने करीब 22,000 फेसबुक यूजर्स का अनप्रोटेक्टेड पासवर्ड स्टोर किया है। अपवार्ड के साइबर रिस्क रिसर्च के डायरेक्टर क्रिस विकरी ने बताया, यह डेटा फेसबुक इंटीग्रेशन के जरिए इकट्ठा किया गया है। फेसबुक थर्ड पार्टी डिवेलपर्स को किसी ऐप या फिर वेबसाइट पर अपने प्लैटफॉर्म के जरिए साइन इन करने की अनुमति देती है। ऐसे में फेसबुक के पास अपने यूजर्स के डेटा को सुरक्षित रखने की गारंटी देने का कोई तरीका नहीं होता।

इस मामले पर फेसबुक के प्रवक्ता ने कहा, यूजर्स के डेटा को पब्लिक डेटाबेस पर स्टोर करना फेसबुक की पॉलिसी के खिलाफ है।

# जेट एयरवेज ने मार्च के वेतन का भुगतान टाला

नयी दिल्ली (आरएनएस)। भारी वित्तीय संकट से जूझ रही विमान सेवा कंपनी जेट एयरवेज ने कर्मचारियों को मार्च का वेतन देना टाल दिया है और कहा है कि वेतन के बारे में जो आगे जो भी निर्णय होगा उसके बारे में 09 अप्रैल तक उन्हें सूचित किया जायेगा।



कंपनी के मुख्य कार्मिक अधिकारी राहुल तनेजा ने कर्मचारियों के नाम लिखे एक पत्र में कहा है मौजूदा कठिन परिस्थितियों में प्रबंधन ऋणदाताओं तथा अन्य संस्थानों के साथ समाधान योजना पर काम कर रही है जिससे हमारे परिचालन को स्थिरता प्रदान करने में मदद मिलेगी और एयरलाइन का भविष्य मजबूत हो सकेगा। इन परिस्थितियों के मद्देनजर मार्च 2019 के वेतन का भुगतान फिलहाल टाल दिया गया है।

उन्होंने कहा है कि समाधान प्रक्रिया में उसकी पहले की सोच से ज्यादा समय लग रहा है, लेकिन कंपनी मौजूदा संकट के हल के लिए ऋणदाताओं और संस्थानों से लगातार संपर्क में है। तनेजा ने कर्मचारियों से धैर्य बरतने की अपील की है और आश्वस्त किया है कि कंपनी जल्द से जल्द कर्मचारियों को वेतन देने का प्रयास कर रही है। इसके बारे में 09 अप्रैल को उन्हें अगली जानकारी दी जायेगी।

# बीएसएनएल देगा हवाई यात्रा के दौरान वाईफाई की सुविधा

नई दिल्ली। भारतीय एयरलाइंस अब इन-फ्लाइट और मैरीटाइम कनेक्टिविटी लाइसेंस की बदौलत हवा में वाई-फाई कनेक्टिविटी की सुविधा दे सकेंगे.



भारत की राज्य दूरसंचार कंपनी, भारत संचार निगम लिमिटेड ने ब्रिटिश दूरसंचार उपग्रह कंपनी इनमारसैट से लाइसेंस प्राप्त किया, जो वैश्विक मोबाइल सेवाएं प्रदान करती है. बीएसएनएल ने पहली बार संकेत दिया कि हवाई यात्री जुलाई 2017 में गृह मंत्रालय (एमएचए) और दूरसंचार विभाग से अपेक्षित अनुमोदन प्राप्त करने के बाद वर्ष के भीतर उड़ानों पर इंटरनेट का उपयोग करने में सक्षम होंगे. पिछले साल मई में भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने कहा कि इन-फ्लाइट वाई-फाई अगले 3 से 4 महीनों के भीतर लाइव होगा.

# सीएनजी के दामों में एक बार फिर हुई बढ़ोतरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर समेत आस-पास सटे शहरी इलाकों में अब लोगों को सीएनजी गैस भरवाने के लिए जेब ढीली करनी पड़ेगी। जानकारी अनुसार इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड, गेल (इंडिया) लिमिटेड, बीपीसीएल और अन्य प्राकृतिक गैस की कम्पनियां के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। बढ़े हुए दामों की घोषणा दिल्ली, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, रेवाड़ी, गुरुग्राम, करनाल और मुजफ्फरनगर शहरों के लिए की गई है। बता दें कि दिल्ली के लोगों के लिए सीएनजी गैस 1 रुपए प्रति किलो और नोएडा, ग्रेटर नोएडा व गाजियाबाद में 1.15 रुपए अधिक खर्च करने होंगे।




सीएनजी उपभोक्ता को दिल्ली में 45.70 रुपये प्रति किलोग्राम और नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 51.95 रुपये प्रति किलोग्राम में मिलेंगे। यह बढ़े हुए दाम 4 अप्रैल 2019 को सुबह 6.00 बजे से लागू कर दिए गए।

# कई दिग्गज कंपनियों को पछाड़ फ्लिपकार्ट बना नंबर वन

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रमुख ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट भारत में सबसे पंसदीदा कार्यस्थल रैंकिंग में फिर से शीर्ष पर आ गया है जबकि इस मामले में देश की सबसे बड़ी निजी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज 10वें पायदान पर रही।

लिंक्डइन द्वारा बुधवार को जारी इस रैंकिंग में देश की 25 शीर्ष कंपनियों को शामिल किया गया है जिसमें सबसे अधिक इंटरनेट एवं सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियाँ हैं।

इस सूची में अमेजन दूसरे, ओयो हास्पिटैलिटी तीसरे, वन 97 कम्युनिकेशंस चौथे, उबर पाँचवे, स्विगी छठे, टीसीएस सातवें, जोमेटो आठवें और गूगल को संचालित करने वाली अल्फाबेट नौवें पायदान पर है। ओला इस मामले में 19वें पायदान पर है।

# यूरिन इंफेक्शन के कारण पेले अस्पताल में भर्ती

पेरिस (आरएनएस)। दुनिया के महानतम फुटबाल खिलाड़ियों में शुमार पेले को गुरुवार को यहां के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ईएसपीएल डॉट इन के मुताबिक पेले के प्रवक्ता ने कहा है कि उन्हें दो दिनों तक अस्पताल में रखा जाएगा। प्रवक्ता पेपिटो फोर्नोस ने कहा कि मंगलवार को फ्रेंच फुटबाल स्टार कीलियन एम्बाप्पे से मुलाकात के दौरान पेले सहज नजर आ रहे थे लेकिन बाद में वह असहज हो गए और इसी कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनके यूरिन इंफेक्शन से पीड़ित होने की पुष्टि हुई। प्रवक्ता ने कहा है कि पेले की हालत स्थिर है और दो दिनों में उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।



# पिछले सात महीने आसान नहीं रहे : हार्दिक पांड्या

मुंबई (आरएनएस)। हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या बीते समय में कभी चोट तो तभी विवादास्पद बयानों के कारण चर्चा में रहे, लेकिन मुंबई इंडियंस का यह खिलाड़ी अब सिर्फ खेल पर ध्यान देना चाहता है।



पांड्या ने बुधवार देर रात खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण के मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम को 37 रनों से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पांड्या ने वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में आठ गेंदों पर 25 रनों की आतिशी पारी खेली और इसके बाद चार ओवरों में 20 रन देकर तीन विकेट लिए।

# हवन करते समय क्यों बोला जाता है स्वाहा ? बड़ा गहरा है ये रहस्य

हिंदू धर्म में हवन को सबसे पवित्र धार्मिक अनुष्ठान माना जाता है। शादी हो या कोई भी धार्मिक अनुष्ठान, अक्सर लोग हवन करते ही हैं। हवन करते समय मंत्रों का जाप करते हुए स्वाहा कहकर ही हवन सामग्री, अर्घ्य या भोग भगवान को अर्पित किया जाता है, लेकिन कभी आपने सोचा है कि हर मंत्र के अंत में स्वाहा क्यों बोला जाता है? स्वाहा का मतलब है, सही रीति से पहुंचाना यानी किसी भी वस्तु को उसके प्रिय तक सुरक्षित और सही तरीके से पहुंचाना। पुराणों के अनुसार, 'स्वाहा' अग्नि देव की पत्नी हैं, इसलिए हवन में हर मंत्र के बाद इनका उच्चारण होता है। दरअसल कोई भी यज्ञ तब तक सफल नहीं माना जाता है, जब तक कि हवन का ग्रहण देवता न कर लें, लेकिन देवता यह ग्रहण तभी कर सकते हैं जब अग्नि के द्वारा और स्वाहा के माध्यम से अर्पण किया जाए। स्वाहा के बारे में कहा जाता है कि वह प्रजापति दक्ष की पुत्री थीं। उनका विवाह अग्नि देव के साथ हुआ था। अग्निदेव अपनी पत्नी स्वाहा के माध्यम से ही हविष्य ग्रहण करते हैं और उनके माध्यम से यही हविष्य आह्वान किए गए देवता को प्राप्त होता है। स्वाहा से जुड़ी एक रोचक कहानी है, जिसके मुताबिक स्वाहा प्रकृति की ही एक कला थी, जिसका विवाह अग्नि के साथ देवताओं के आग्रह पर संपन्न हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने खुद स्वाहा को यह वरदान दिया था कि केवल उसी के माध्यम से देवता हविष्य को ग्रहण कर पाएंगे। इसीलिए कोई भी यज्ञ तभी पूरा माना जाता है, जब आह्वान किए गए देवता को उनका पसंदीदा भोग पहुंचा दिया जाए। हवन के सिर्फ धार्मिक ही नहीं बल्कि वैज्ञानिक लाभ भी हैं। राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा किए गए एक शोध के मुताबिक, यज्ञ और हवन के दौरान उठने वाले धुएं से हवा में मौजूद हानिकारक जीवाणु लगभग 95 फीसदी तक नष्ट हो जाते हैं। साथ ही इसके धुएं से वातावरण शुद्ध होता है, जिससे बीमारी फैलने का आशंका काफी हद तक कम हो जाती है।



# बेहरेनडॉर्फ के स्पैल ने हमारे लिए राह बनाई : रोहित

मुंबई (आरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण में बुधवार देर रात चेन्नई सुपर किंग्स को 37 रनों से मात देने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि तेज गेंदबाज जेसन बेहरनडॉर्फ ने उनकी टीम के लिए जीत की राह तय कर दी थी।



जेसन ने 171 रनों का पीछा करने उतरी चेन्नई के दोनों सलामी बल्लेबाजों- अंबाती रायडू और शेन वाटसन के विकेट ने चेन्नई को परेशानी में डाल दिया था जिससे वो बाहर नहीं आ पाई और मैच गंवा बैठी। रोहित ने कहा, जेसन ने आस्ट्रेलिया के लिए नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी की है। हम सभी जानते हैं कि वह क्या करने में सक्षम हैं। उन्होंने वही हमारे लिए किया और उनके स्पैल ने हमारे लिए रास्ते खोल दिए थे। रोहित ने कहा कि मुंबई के लिए जीतना और जीतने की आदत बनाने की जरूरत है क्योंकि टीम उस स्थिति में नहीं पहुंचना चाहती जहां उसे हर मैच जीतने की जरूरत पड़े।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आईपीएल में हर मैच अहम होता है। जब आप शुरुआती दो मैच हार जाते हो तो हर मैच अहम बन जाता है। हम उस स्थिति में नहीं पहुंचाना चाहते जहां हमें आखिरी में जाकर हर मैच जीतना पड़े। यह काफी मुश्किल होता है।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज का दिन आपके लिए मंगलमय और शुभ है। कार्यों में सफलता एवं धन प्राप्ति का योग है। आध्यात्मिक एवं मांगलिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृषभः** आज सगे-संबंधियों और मित्रों से लाभ मिल सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पुराने रुके हुए कार्य आज पूरे हो सकते हैं, अवसर का लाभ उठाएं। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुनः** आज का दिन मिश्रित फलदायी है। बिना कारण धन हानि अथवा झूठे आरोप लगने का योग है। भाइयों से विरोध हो सकता है। असफलता के कारण मन अशांत हो सकता है। निराशा को अपने ऊपर हावी ना होने दें।

**कर्कः** आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। कार्यों में बाधा आ सकती है। वाहन सावधानीपूर्वक चलाएं, चोट-चपेट से बचें। स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें।

**सिंहः** यात्रा में लाभ का योग है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। वाहन सुख की प्राप्ति होगी। जीवनसाथी और मित्रों के सहयोग मिलेगा। भाग्योदय के योग बन रहे हैं।

**कन्याः** यश, आनन्द की प्राप्ति होगी। आपके प्रभाव में आज वृद्धि होगी और शत्रुओं पर विजय प्राप्त कर सकेंगे। स्वस्थ्य में सुधार होगा और पुण्य कार्य में रुचि रहेगी।

**तुलाः** संतान पक्ष से आज खुशी मिलेगी। प्रिय व्यक्ति से मिलना हो सकता है। संघर्ष के बाद सफलता का योग है। सुखपूर्वक दिन व्यतीत होगा।

**वृश्चिकः** अकारण मन अशांत रहेगा, वाद-विवाद से बचें। किसी निकटतम व्यक्ति द्वारा अपमान अथवा विश्वासघात मिल सकता है। आज वाणी और व्यवहार में संयम बरतें नहीं तो अपने भी नाराज हो सकते हैं।

**धनुः** आज का दिन शुभ रहेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति एवं परा म में वृद्धि होगी। परिजनों से लाभ मिलेगा, संबंधियों से मेलजोल बनकर रखें। दिन आपके लिए शुभ रहेगा, भाग्य पूरा साथ देगा।

**मकरः** दिन मिलाजुला रहेगा। आय से साथ व्यय भी आज खूब होगा। संघर्ष के बाद सफलता मिलेगी। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

**कुंभः** किसी इच्छित वस्तु की प्राप्ति से मन प्रसन्न रहेगा। बड़ों से सहयोग एवं धन लाभ प्राप्ति का योग बन रहा है। मान-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी। जीवसाथी से सुख और सहयोग मिलेगा।

**मीनः** अत्यधिक व्यय के कारण तनाव हो सकता है। कई प्रकार की कठिनाइयां झेलनी पड़ सकती हैं। मित्रों का व्यवहार भी शत्रुतापूर्ण हो सकता है।

# नवरात्र में बनाएं व्रत की ये आलू से बनी टेस्टी रेसिपी

नवरात्र आने वाले हैं इन दिनों में फलाहारी पकवानों की डिमांड बढ जाती है. बहुत से ऐसे लोग हैं जो इस दौरान 9 दिन तक व्रत रखते हैं. इनमें से कुछ लोग तो सिर्फ फलाहार करते हैं लेकिन जो लोग व्रत के दौरान फल के अलावा आलू भी खाते हैं, हम आज आलू से बने टेस्टी हलवे की रेसिपी लाए हैं. इसे आप लंच या डिनर किसी भी वक्त बनाकर खा सकते हैं. मूंग दाल हलवा स्थ्रश्वद्द ष्ठड्ढ ॥ड्य2ड्ढ की तरह आलू का हलवा,द्यथ्श्व घ्ड्ड ॥ड्य2ड्ढ भी बेहद टेस्?टी होता है. आलू हलवा क्श्थ्ल्ड्डह्लश्व ॥ड्य2ड्ढ बच्?चों और बड़े सभी को पसंद आता है, ये हलवा बनाने में भी बेहद आसान है.



आवश्यक सामग्री :

आलू- 4 (उबला हुए)
शक्क र - 2 बड़े चम्मच
देशी घी - 2 बड़े चम्मच
बादाम - 7-8 (कटे हुए)
काजू - 5-6 (कटे हुए)
इलाइची पाउडर - 1 छोटा चम्मच

आलू का हलवा बनाने की विधि :

आलू हलवा बनाने के लिये सबसे पहले उबले हुए आलुओं को छीलकर अच्छी तरह से मैश या फिर कद्दूकस कर लें. अब एक कढ़ाही में देशी घी डालकर गरम करें. घी गरम होने पर उसमें मैश किये हुए आलू डालें और अच्छी तरह से भून लें. मिश्रण को चम्मच से बराबर चलाते रहें, नहीं तो कढ़ाही में नीचे की ओर जल जाएगा. 2 मिनट बाद गैस बंद कर दें. अब आपका आलू का हलवा **Aloo ka Halwa** तैयार है. इसे सर्विंग बाउल में निकालें और गरमा-गरम खाएं.

## शब्द सामर्थ्य-24

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | 4 | ■ | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | | 8 | ■ | ■ | |
| 9 | | | ■ | 10 | | 11 | ■ | |
| | ■ | 12 | | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | ■ | ■ | ■ | 16 | | ■ |
| ■ | | ■ | 17 | ■ | ■ | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | 21 | | 22 | ■ | 23 | | |
| 24 | ■ | | ■ | 25 | | | ■ | |
| ■ | 26 | | | | ■ | ■ | 27 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 23 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | ■ | ■ | स |
| ट | ■ | भ | ला | ई | ■ | अ | स | म |
| ना | म | ■ | ■ | स | मा | धि | ■ | झ |
| ■ | ज | ■ | बे | ■ | न | का | र | ना |
| बा | बू | ■ | आ | य | क | र | ■ | ■ |
| ■ | र | की | ब | ■ | ■ | ■ | प्र | था |
| ज | ■ | ■ | रू | प | क | ■ | ज | न |
| हा | ■ | पा | ■ | ना | म | ची | न | ■ |
| ज | हां | प | ना | ह | ■ | ता | न | ना |

## सू-दोकू-24

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.23 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |